1	2	3	4	5
4	Gujarat	105	..	105.0
5	Haryana	..	70.0	70.0
6	Himachal Pradesh	210.0	150.0	360.0
7	Jammu & Kashmir	35.0	..	35.0
8	Karnataka	190.0	..	190.0
9	Kerala	84.0	..	84.0
10	Madhya Pradesh	350.0	75.0	425.0
11	Maharashtra	115.0	..	115.0
12	Orissa	185.0	..	185.0
13	Rajasthan	160.0	233.0	393.0
14	Sikkim	50.0	..	50
15	Tamil Nadu	140.6	..	140.6
16	Tripura	30.0	..	30.0
17	Uttar Pradesh	170.0	355.0	525
18	West Bengal	105.0	80.0	185.0
19	Delhi	..	5.0	5.0
	TOTAL :	2194.0	1213.0	3407.0

खाद्यान्नों का आयात

6414. सरदार जगजीत सिंह अराड़ा :
श्री राम जेठमलानी :

क्या खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन ने हाल ही में संभावना व्यक्त की है कि भारत इस वर्ष रिकार्ड कृषि उत्पादन के बावजूद खाद्यान्नों का आयात करेगा ;

(ख) क्या यह भी सच है कि सरकार अपने सुरक्षित भंडार के लिए 20 लाख टन गेहूं आयात करने पर विचार कर रही है; और

(ग) यदि हां, तो रिकार्ड कृषि उत्पादन के बावजूद खाद्यान्नों का आयात करने और सूखे के पिछले दो वर्षों के दौरान कृषि उत्पादन के केवल 5 से 10 प्रतिशत तक कम होने के क्या कारण हैं ?

खाद्य और नागरिक पूर्ति संबालय में उप मंत्री (श्री डी० एच० पैठा) : (क) जी, हां ।

(ख) और (ग) सरकार देश में खाद्य स्थिति पर गहरी नजर रखती है और किसानों द्वारा स्वैच्छा से की गई बिक्री के परिणामस्वरूप मुख्य खरीफ फसल-चालन के अधीन की गई बुवाई सहित समूची खाद्य स्थिति के मूल्यांकन की दृष्टि में जब कभी आवश्यक समझा जाता है तब वह आयात की जाती है ।